उत्तर प्रदेश सरकार
उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड
तुलसी गंगा कॉम्प्लेक्स, 19 C, विधानसभा मार्ग, लखनऊ-226001
दूरभाष: 0522-2235752, फैक्स: 0522-2235806
वेब : www.uppbpb.gov.in, www.prpb.gov.in

सूचना/विज्ञप्ति

संख्या-पीआरपीबी-दो-3(डीवी-लॉजिक)/2020 दिनांक-29.04.2022

उ0प्र0 पुलिस में उपनिरीक्षक(गोपनीय)/उपनिरीक्षक (गोपनीय सतर्कता), सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक)/ सहायक उपनिरीक्षक(लिपिक सतर्कता), सहायक उपनिरीक्षक(लेखा) के रिक्त पदों के सापेक्ष चयन हेतु विज्ञप्ति के क्रम में उ0प्र0 पुलिस एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आनलाइन लिखित परीक्षा दिनांक-04.12.2021 तथा 05.12.2021 को आयोजित की गई थी।

2- उक्त लिखित परीक्षा में अभ्यर्थियों की संख्या अधिक होनें के कारण परीक्षा कुल 04 पालियों में आयोजित की गई है, इसलिए नियमावली में निहित प्रावधानों के अनुसार अंकों का प्रसामान्यीकरण किया गया है।

3- आनलाइन लिखित परीक्षा के बाद नियमावली के प्रावधानों, विज्ञप्ति में उल्लिखित प्रक्रिया, शासनादेश एवं एतदविषयक मा0 न्यायालय के आदेशों के क्रम में श्रेष्ठता एवं आरक्षण के प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए कुल-4563 अभ्यर्थियों को अभिलेखों की संवीक्षा एवं मानक परीक्षा हेतु आहूत किया गया था। अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षा में अपेक्षित संख्या में अभ्यर्थियों के सफल न होनें के कारण श्रेष्ठता एवं आरक्षण के प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए पुनः कुल-4287 अभ्यर्थियों को अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षा के लिए चयनित किया गया है।

4- विभिन्न श्रेणी के अंतर्गत अभिलेखों की संवीक्षा एवं मानक परीक्षण हेतु बुलाए जानें वाले अभ्यर्थियों के कटआफ अंक निम्नवत हैं।

A- उ0प्र0 पुलिस में उपनिरीक्षक(गोपनीय)/उपनिरीक्षक (गोपनीय सतर्कता), सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक)/ सहायक उपनिरीक्षक(लिपिक सतर्कता)

क्रमांक	श्रेणी	लंम्बवत श्रेणी	स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित	भू0पू0 सैनिक	महिला
1	अनारक्षित	304.8406	208.9387	181.4781	281.8969
2	आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग	285.6906	-	-	-
3	अन्य पिछड़ा वर्ग	289.3877	162.8571	160.4302	261.4023
4	अनुसूचित जाति	258.9891	-	-	219.2825
5	अनुसूचित जनजाति	182.7755	-	-	162.7755

B- उ0प्र0 पुलिस में सहायक उपनिरीक्षक(लेखा)

क्रमांक	श्रेणी	लंम्बवत श्रेणी	स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित	भू0पू0 सैनिक	महिला
1	अनारक्षित	291.3061	205.6321	166.7346	276.3374
2	आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग	261.4677	-	-	-
3	अन्य पिछड़ा वर्ग	271.2915	-	-	252.9795
4	अनुसूचित जाति	235.7215	-	-	213.1428
5	अनुसूचित जनजाति	163.0167	-	-	-

5- उक्त अभ्यर्थियों के अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षा की कार्यवाही जोनल मुख्यालय के जनपदो (आगरा, कानपुर नगर, वाराणसी, प्रयागराज, गोरखपुर, मेरठ, बरेली) पर दिनांक-20 एवं 21 मई 2022 को किया जाना प्रस्तावित है, जिसकी तिथि एवं स्थान के संबंध में विस्तृत सूचना बोर्ड की वेबसाइट पर पृथक से प्रकाशित की जाएगी।

6- प्रावधानों के अनुसार अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की अर्हकारी प्रकृति की कम्प्यूटर टंकण परीक्षा आयोजित की जाएगी। जिन अभ्यर्थियों द्वारा उपनिरीक्षक(गोपनीय) के पद हेतु आवेदन पत्र में विकल्प दिया गया है, उनके द्वारा टंकण परीक्षा में सफलता प्राप्त करनें पर अर्हकारी प्रकृति की आशुलिपि परीक्षा में सम्मिलित होनें एवं सफल होनें की अपेक्षा की जाएगी। पद की अर्हता के लिए अपेक्षित कम्प्यूटर टंकण एवं आशुलिपि परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों द्वारा आनलाइन लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों/श्रेष्ठता(merit) के आधार पर शासनादेश में अनुमन्य आरक्षण के आलोक में चयन के संबंध में विचार किया जाएगा।

7- यह सूचना अभ्यर्थियों के सूचनार्थ प्रकाशित की जा रही है इसलिए इस विषय में सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 के अंतर्गत पृथक से कोई प्रार्थनापत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।

8- अभ्यर्थियों से यह भी अपेक्षा है कि बोर्ड की वेबसाइट-http://uppbpb.gov.in का अवलोकन करते रहें।

29/4/22

अपर सचिव भर्ती
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड
लखनऊ।